卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 252 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦23 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# अनुशासनहीनता और लापरवाही पर सख्त हुई सरकार

## राजकीय महाविद्यालयों के पांच प्राचार्यों समेत छह के खिलाफ हुई कार्रवाई

देहरादून(उद संवाददाता)। शासन ने अनुशासनहीनता के आरोप में राजकीय महाविद्यालयों के पांच प्राचार्यों समेत छह के खिलाफ कार्रवाई की है। महा विद्यालयों के दो प्राचार्यों को दंडित करते हुए परिनिंदा प्रविष्टि दिए जाने के साथ ही उनके प्रशासनिक आधार पर तबादले किए हैं। विभाग की ओर से बताया गया कि परिनिंदा प्रविष्टि पाने वाले प्राचार्यों की अगले तीन साल तक पदोन्नति नहीं हो पाएगी। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के संबंध में शासन ने दो से 16 अप्रैल 2024 तक विभिन्न तिथियों में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक ली थी, लेकिन महाविद्यालय प्राचार्य बिना किसी सूचना के बैठक के अनुपस्थित



रहे। उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगौली की ओर से जारी आदेश के मुताबिक राजकीय महाविद्यालय चुडियाला हरिद्वार के प्राचार्य डा.के एस जौहरी 16 अप्रैल 2024 को हुई बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहे। शासन ने इस पर उनका जवाब तलब किया था। अपने जवाब में उन्होंने बताया कि चुनाव में उन्हें जोनल मजिस्ट्रेट का दायित्व दिया गया था। वह चुनाव संबंधी बैठक व तैयारियों में व्यस्त थे। वीडियो कांफ्रेंस की तिथि में बदलाव किया गया था। यही वजह रही कि वह बैठक का संज्ञान नहीं ले पाए। उन्हें जब बैठक के बारे में पता चला तो उन्होंने बैठक से जुड़ना चाहा, लेकिन नेटवर्क कीदिक्कत की वजह से वह बैठक में प्रतिभाग( शेष पेज सात पर )

# चेकपोस्ट प्रभारी समेत चार कर्मचारी निलंबित

देहरादून(उद संवाददाता)। रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में 15 जून को हुए टेंपो ट्रैवलर हादसे में चैकिंग में लापरवाही पर परिवहन मुख्यालय ने तपोवन चेकपोस्ट प्रभारी समेत चार परिवहन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। दो परिवहन कर अधिकारियों को आरोपपत्र दिए गए हैं। दो पीआरडी जवानों को उनके विभाग लौटा दिया गया है। पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के लिए पुलिस मुख्यालय को पत्र भेजा गया है। हादसे में 15 लोगों की जान चली गई थी। मुख्यमंत्री ने लापरवाह अफसरों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। हादसे की जांच आरटीओ पौड़ी ने करके दो दिन पहले रिपोर्ट परिवहन मुख्यालय को भेजी थी। एसडीएम ने भी मामले की मजिस्ट्रेटी जांच की थी। सीएम धामी के निर्देश के ( शेष पेज सात पर )

# भाई के हत्यारे ने मृतक के नाम से कराया फर्जी पोस्टमार्टम

## बीमा की धनराशि हड़पने के लिये मोर्चरी के कर्मचारी और रिश्तेदारों से मिलकर रचा षड्यंत्र

सितारगंज(उद संवाददाता)।क्षेत्र में सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसमें मुरादाबाद के युवक की क्षेत्र में हत्या की गई परिजनों और भाई ने मिलकर मृतक के शव को खुद का बताकर लाखों रुपए के बीमा हड़पने के साथ ही गैंगस्टर एक्ट से बचने का प्रयास किया। इस मामले में शाहजहांपुर जिले के रोजा थाने और सितारगंज थाने में आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। वरिष्ठ उप निरीक्षक कविंद्र शर्मा ने दर्ज कराए मुकदमे में आरोप लगाया है कि 25 अगस्त 2022 को थाना रोजा शाहजहांपुर में मुनीश यादव निवासी आदर्श कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया था। जामा तलाशी में आरोपी के पास से 29 जुलाई 2015 को मृत मुकेश यादव पुत्र भीकम सिंह से जुड़ी पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिली। आरोपी ने पुलिस को बयानों में बताया कि उसका असली नाम मुकेश यादव है और वह मूढ़ पांडे मुरादाबाद का रहने वाला है। उसे पर लूट डकैती के मुकदमों के अलावा बीमा कंपनियों का लाखों रुपए का कर्ज था। मुकदमा से बचने के लिए उसने सितारगंज के मोर्चरी के कर्मी से मिलकर 30000 रूपये में अज्ञात शव के पास डायरी आधार कार्ड रख दिया। 25 अगस्त 2022 को थाना रोजा के इंस्पेक्टर अमित कुमार ने मुकेश यादव समेत 9 के खिलाफ इस प्रकरण में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर दिया। 30 जनवरी 2024 को यूपी पुलिस ने विवेचना पुरी की। 29 जुलाई 2015 को जांच में सामने आया कि सितारगंज सरकारी अस्पताल के ज्वाला प्रसाद द्वारा मेमो मुकेश कुमार पुत्र भीकम सिंह निवासी पीतल नगरी मुरादाबाद के नाम से दर्ज है। जिसमें मृतक के शव की पहचान गिरफ्तार आरोपी के परिजनों और रिश्तेदारों ने की है। जिसमें अज्ञात शव की मौत का कारण सड़क हादसा बताया गया है। जांच में सामने आया कि मुकेश यादव और उसके बहनोई पप्पू कुमार पाल धर्मपाल ने मिलकर मनिंदर सिंह की हत्या सितारगंज क्षेत्र में की है।आरोपियों ने मनिंदर सिंह का शव षड्यंत्र के तहत मुकेश यादव के नाम से पहचान कराकर षड्यंत्र रचा है पुलिस ने इस मामले में मुकेश,धर्मपाल,भीकम सिंह,पप्पू,सुधा, संगीता के खिलाफ हत्या और सबूत मिटाने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

# आक्रोशित हिंदूवादी संगठनों ने किया कोतवाली का घेराव

## बनभूलपुरा से लापता दो छात्राओं का नहीं कोई सुराग

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी के बनभूलपुरा से तीन दिन पहले लापता हुई दो छात्राओं का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। इस मामले में रविवार को गौ रक्षा दल के साथ विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ,परिजनों ( शेष पेज सात पर )



# बर्थ डे पार्टी से लौट रहे दोस्तों पर हमला कर बाईक व नगदी लूटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आजादनगर शमशान घाट रोड ट्रांजिट कैम्प में बीते दिनों कुछ युवकों ने बाईक सवार दो लोगों को घेर कर उन पर हमला कर दिया और चाकू की नोक पर उनसे बाईक तथा हजारों की नगदी लूट ली। दोनों एक बर्थ डे पार्टी से घर वापस लौट रहे थे। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में जयमण्डल पुत्र खोकन मण्डल निवासी वार्ड 8 शिवनगर ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि वह अपने दोस्त बेदप्रकाश पुत्र अरविन्द मण्डल निवासी वार्ड 4, आजाद नगर ट्रांजिट कैम्प के साथ अपनी मोटर साइकिल संख्या यूके 06बीबी 5270 से 7 जून को रात लगभग 11:30 बजे अपने दोस्त के बर्थडे से घर आ रहा था। मार्ग में शमशान घाट रोड़ आजाद नगर के पास उनको गौरव पुत्र राजू कुड़िया, शिप्पी, अंकित, देव उर्फ पुलपुलिया, अमित, दीपक, सागर और कोहली ने मिलकर घेर लिया और चाकू दिखाकर उसकी मोटर साईकिल व वेद प्रकाश के पास 3500 रूपये छीन लिये । साथ ही मोबाइल फोन तोड़ दिया। जयमंडल का आरोप है कि उक्त युवक दोनों को डण्डे से मारने पीटने लगे और जाने से मारने की कोशिश की। किसी तरह दोनों ( शेष पेज सात पर )

# नीट में धांधली के खिलाफ गदरपुर और रामनगर में फूंके पुतले

गदरपुर/रामनगर(उद संवाददाता)। नगर में हजारीलाल पेट्रोल पंप के सामने हुए और नारेबाजी करते हुए नीट की परीक्षा में हुई धांधली को लेकर केंद्र हुए सिद्धार्थ भुसरी ने कहा कि युवाओं के भविष्य में हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ छोटी लापरवाही की गंभीरता से जांच होनी चाहिए पेपर लीक एक अपराध है



कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता एकत्रित सरकार का पुतला दहन किया गया पुतला दहन के बाद पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हुंकार भरी है उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा में छोटी से उसके विरोध में एक सख्त कानून बनाया जाना चाहिए( शेष पेज सात पर )

# निवर्तमान मेयर के विरुद्ध चलेगा रंगदारी का मुकदमा

## गंगवार बोले-न्यायालय ने पुलिस की रिपोर्ट को निरस्त कर पूर्व मेयर को किया तलब

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।निवर्तमान मेयर रामपाल के खिलाफ दर्ज रंगदारी के मुकदमे मे पुलिस द्वारा भेजी गई फाइनल रिपोर्ट को माननीय न्यायालय ने निरस्त कर रामपाल को अभियुक्त मानते हुए धारा 389,506 में मुकदमा चलाने का आदेश देते हुए उन्हें न्यायालय में तलब कर लिया है।अब रामपाल के विरुद्ध रंगदारी, गाली गलौज आदि मामले में न्यायालय में मुकदमा चलेगा। भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ने पत्रकारों से बातचीत करते कहा कि वर्ष 2019 में रामपाल जनवरी माह की 13,16 और 17 तारीख को उनकी नजूल की जमीन किच्छा रोड निकट कुष्ठ आश्रम पर आए थे और 10 लाख




रुपए की रंगदारी मांगते हुए गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी थी। जिस पर उनके द्वारा पुलिस को शिकायत की गई लेकिन पुलिस ने रामपाल के खिलाफ सत्ता के दबाव में आकर मुकदमा दर्ज नहीं किया। गंगवार ने बताया उन्होंने माननीय न्यायालय की शरण ली और न्यायालय के आदेश पर रामपाल के विरुद्ध रंगदारी का मुकदमा दर्ज हुआ। लेकिन भाजपा के मेयर होने के कारण सत्ता पक्ष की दवाव में आकर पुलिस ने झूठे तथ्य प्रस्तुत कर रामपाल के पक्ष में मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी। जिस पर उनके द्वारा माननीय न्यायालय में पुलिस द्वारा भेजी गई रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए आपत्ति की। जिस पर ( शेष पृष्ठ सात पर )

# मेट्रोपोलिस सिटी में मेंटीनेंस चार्ज बढ़ाने के खिलाफ प्रदर्शन

## रिसीवर नियुक्त किए जाने की उठाई मांग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल रोड स्थित नगर की पाश कॉलोनी मेट्रोपोलिस सिटी में मेट्रोपोलिस रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मेंटीनेंस



चार्ज को 1.20 रूपए से बढ़ाकर 1.85 रूपये किए जाने पर निवासी आक्रोशित हैं। आज मेट्रोपोलिस सिटी ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के( शेष पेज सात पर )

# दोस्त की बहन से थे पति के अवैध संबंध

## वर्षा हत्याकांड का खुलासा: पुलिस ने हत्यारोपी पति और दोस्त को किया गिरफ्तार ,चलती कार में गला घोंटा और शव को फेंककर मारी थी तीन गोलियां

बाजपुर(उद संवाददाता)। पाली जिले के अटपड़ा गांव के पास 19 जून को हाईवे पर एक महिला का शव मिला था। सीने पर तीन गोलियों के निशान थे। पुलिस ने जब इसका खुलासा किया तो पता चला महिला का मर्डर उसके वकील पति ने प्रेमिका के भाई के साथ मिलकर किया था। हत्यारे पति का उसकी दोस्त की बहन से ही अफेयर चल रहा था। आरोपी पति ने मर्डर की प्लानिंग में अपने दोस्त को शामिल किया और पत्नी को राजस्थान घुमाने की बात कहकर पीहर से बुलाया था। ब्यावर के पास चलती कार में उसका गला घोंटा और शव को फेंक दिया। आरोपी पति को लगा कि ये जिंदा नहीं बच जाए इस लिए उसके सीने पर 3 गोलियां मारी। घटना सोजत सिटी थाना क्षेत्र की है।पुलिस महिला के पति विशाल, उसके दोस्त मोहित को गिरफ्तार कर लाई है। मामले में तीसरा आरोपी सोनू ठाकुर है। एसपी चूनाराम जाट ने बताया– मृतका की पहचान वर्षा चौहान (35) साल निवासी वार्ड संख्या 3, गुजरातीयान मोहल्ला, जसपुर, जिला उधमसिंह (उत्तराखंड) के रूप में हुई है। मृतका के भाई हिमांशु पुत्र यशपाल सिंह निवासी उत्तर प्रदेश हाल उदयपुर ने 2 दिन पहले सोजत सिटी थाने में रिपोर्ट दी थी। उसने अपनी बहन की हत्या के लिए जीजा विशाल चौहान और उसके दोस्त मोहित सहित अन्य को दोषी बताया था। इस पर पुलिस विशाल और मोहित को गिरफ्तार कर लाई।वर्षा का पति विशाल चौहान वकील (एडवोकेट) है। आरोपी ने पूछताछ में बताया– वर्षा की हत्या घर से 900 ज्ञड दूर लाकर इसलिए की, ताकि पुलिस की पकड़ में न आ सके। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि विशाल का अपने दोस्त मोहित उर्फ मन्नी पुत्र विरेंद्र ब्राह्मण की बहन से अवैध संबंध था। यह बात मोहित को पता थी, इसलिए मोहित का खर्चा भी विशाल उठाता था। सीओ सोजत सिटी देरावर सिंह सोढ़ा ने बताया मोहित ने विशाल पर उसकी बहन से शादी करने का दबाव बनाया। इधर, विशाल का अपनी पत्नी वर्षा से रोजाना झगड़ा होता रहता था। पति से तनाव के चलते वर्षा अपनी बेटी के साथ पीहर चली गई थी। ऐसे में विशाल ने बताया कि दोस्त की बहन के साथ घर



बसाने के लिए पत्नी की हत्या की प्लानिंग बनाई और देसी कट्टा खरीदा। विशाल ने इसमें अपने दोस्त मोहित को भी शामिल किया। उसने मोहित को विश्वास दिलाया कि वह एडवोकेट है, उसे कुछ भी नहीं होने देगा, उसे तो मर्डर के बाद वर्षा की बॉडी को गड्ढा खोदकर दफनाने में मदद करनी है। सोजत सिटी कपूराराम ने बताया कि विशाल खाटू श्यामजी के दर्शन के लिए राजस्थान आता रहता था। ऐसे में उसने पत्नी को राजस्थान घुमाने के बहाने मारने का प्लान बनाया। इसके अनुसार विशाल ने वर्षा को राजस्थान घुमाने की बात कही और पीहर से लेकर घर आया। दोनों के एक 9 साल की बेटी भी है, जिसे घर पर ही छोड़ दिया। विशाल अपनी पत्नी वर्षा, दोस्त मोहित और सोनू को साथ लेकर 13 जून को उत्तराखंड से रवाना हुआ था। दोनों के 9 साल की बेटी भी है, जिसे घर पर ही छोड़ दिया था। इस दौरान वे उत्तर प्रदेश में भी रुके और वहां घूमे थे। किसी को शक न हो इसलिए विशाल ने सोशल मीडिया पर भी दोनों के फोटो पोस्ट किए थे। इसके बाद से जयपुर, अजमेर, पुष्कर घूमते हुए जोध पुर की तरफ निकले। पहले से प्लान था कि ब्यावर से निकलने के बाद वर्षा को मारना है। ब्यावर शहर से निकलने के बाद विशाल ने वर्षा को ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठा दिया। विशाल और मोहित पीछे बैठ गए। रास्ते में विशाल ने वर्षा का गला घोंट कर मार दिया। इसके बाद सोजत की तरफ आए और यहां वर्षा का शव फेंक दिया। विशाल ने बताया उसे लगा कि कहीं वर्षा जिंदा नहीं बच जाए, इसलिए उसने शव फेंकने के बाद सीने पर 2 गोली मारी और 1 गोली मोहित ने मारी। प्लानिंग के अनुसार उनको वर्षा के शव को दफनाना था, लेकिन गोली मारने के बाद वह लोग घबरा गए और लाश को वहीं छोड़कर अजमेर होते हुए उत्तराखंड की तरफ निकल गए। इस बीच मथुरा के बरसाना थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने जांच करने के बाद मामला दर्ज करने की बात कही। आरोपी ने राजस्थान घूमने के बहाने पत्नी को पीहर से बुलाया था। उत्तर प्रदेश में घूमने के दौरान उसने पत्नी के साथ फोटो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की। पूराराम ने बताया मामले में खुलासा करने में सोजत सिटी थाने के कॉन्स्टेबल महिपाल की मुख्य भूमिका रही। उन्होंने स्टेट हाईवे–62 और नेशनल हाईवे–162 पर स्थित होटलों, पेट्रोल पंप, टोल नाके से गुजरने वाली करीब 1 हजार गाड़ियों के सीसीटीवी फुटेज देखे। इस दौरान उत्तराखंड नंबर की एक गाड़ी संदिग्ध लगी, तो उसके नंबर नोट किए और गाड़ी के मालिक की पूरी जानकारी जुटाई। कपूरा राम ने बताया– मृतका की पहचान करने के लिए उसके फोटो राजस्थान के साथ ही उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के थानों में भेजे गए। उत्तराखंड पुलिस ने महिला की पहचान की। इसके बाद पुलिस विशाल और उसके दोस्त तक पहुंची। मामले में तीसरा आरोपी सोनू ठाकुर पुत्र राकेश भूमिहर फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

# मुनीम और पल्लेदारो के विवाद ने पकड़ा तूल

गदरपुर(उद संवाददाता)। शनिवार की रात्रि नई अनाज मंडी में दुकान से वारदाने को लेकर एक आढ़त के मुनीम और पल्लेदार मजदूर के बीच नोक झोक



शुरू हो गई । सूत्र बताते हैं कि नोंकझोंक ईतनी बढ़ गई की नौबत हाथापाई तक आ गई । वहीं रविवार की सुबह पल्लेदारों ने कार्यबहिष्कार का ऐलान किया जिसके बाद आढ़तीयो में हड़कंप मच गया और बंद कमरे में रूठने मनाने का दौर चलना शुरू हो गया । वहीं रविवार की सुबह में सैकड़ो की संख्या में पल्लेदारों ने कार्य बहिष्कार का ऐलान किया और अपने साथी के साथ हुई नोकझोंक मारपीट को गलत बताया और कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया । जिसके बाद आड़तीयो हाथ पांव फूल गए और राजीनामे का प्रयास करने लगे लेकिन नतीजा कुछ भी नही निकला । आड़ती एसोशिएशन के अध्यक्ष सहित अन्य आढ़तियो ने किसी तरह फिलहाल मामले को शांत किया । समाचार लिखे जाने तक फिलहाल पल्लेदारों ने काम शुरू कर दिया है एक युवक ने नाम ना छपने की शर्त पर बताया की मजदूर की बात को हमेशा दबाया जाता है इंसाफ नहीं हुआ है।

# मुखर्जी के बलिदान दिवस पर किया वृक्षारोपण

खटीमा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल खटीमा के कार्यकर्ताओं ने आज स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एकत्रित होकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर वृक्षारोपण कर उनको याद किया। कार्यक्रम की संयोजिका नीता सक्सेना के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद जी के देश धर्म के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर करने वाली इस महान विभूति को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए उनके ग्रामीण क्षेत्रों को सामाजिक,आर्थिक एवं भौतिक रूप



से टिकाऊ बनाने के लिए योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी,मंडी पूर्व अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, जिला महामंत्री सतीश गोयल, नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, भुवान भट्ट, संतोष गौरव, अमित पांडे, संतोष अग्रवाल, नीरज रस्तोगी, कमल चौहान, सावित्री कन्याल, अनुपम शर्मा,राहुल सक्सेना, अमित चिलकोती,करण यादव, मेहताब राजा, अनवर अहमद, किशन बिस्ट आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने की बेमौसमी धान पर प्रतिबंध लगाने की मांग

सितारगंज(उद संवाददाता)। बेमौसमी धान रोपने से कई कई गांव में वाटर लेवल काफी नीचे चला गया है। जिस वजह से ग्रामीणों को पीने का पानी भी मशक्कत के बाद नसीब हो पा रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर बेमौसमी धान की फसल पर लोग रोक लगाने की मांग की है। कृषि उत्पादन मंडी समिति के उपाध्यक्ष हरजिंदर सिंह खालसा के नेतृत्व में ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया की बेमौसमी धान लगने से पानी का लेवल



काफी नीचे चला गया है। ग्राम सेंजनी, बिजती, पटिया, पिंडारी, करघटा आदि गांव के नलों में पानी नहीं आ रहा है। मवेशियों के पीने के लिए पानी नहीं बचा है। ग्रामीणों को दूसरों के घरों से पानी लेकर आना पड़ रहा है। इस वजह से बच्चो, महिलाओं और वृद्ध जनों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने एसडीएम से बेमोसमी धान की फसल पर रोक लगाने की मांग की है। इस मौके पर बलविंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, राजू सिंह, मनमीत सिंह, कुलदीप सिंह आदि मौजूद थे।

# महिला और उसके प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उसकाने का मुकदमा दर्ज

दिनेशपुर। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक महिला और उसके प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उसकाने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मानपुर ओझा स्वर्गफार्म बिलासपुर जिला रामपुर निवासी दुलू घरामी पत्नी विष्णु घरामी ने न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि उसके पुत्र विश्वजीत घरामी का विवाह वार्ड छह की तारा के साथ हुई थी। शादी के बाद उसका पुत्र पुत्रबध के साथ दिनेशपुर के वार्ड छह में रहने लगा। आरोप है कि इस बीच राकेश नामक युवक से पुत्रबधु के अवैध संबंध हो गये। आरोप है कि अवैध संबंध का विरोध करने पर उसकी पुत्रबधु तारा और राकेश ने मिलकर चार अप्रैल की रात को उसके पुत्र विश्वजीत की हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 306 के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए किए पौधे वितरित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के समाजसेवी युवकों दुर्गेश मौर्य, रवींद्र भट्ट व उनके साथियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए आज डी डी चौक पर पौधा वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने किया। इस मौके पर समस्त सामाजिक संगठन और पार्षदों द्वारा आम जनमानस को नि:शुल्क पौधा वितरण किया गया और लोगों से पर्यावरण संरक्षण हेतु एवम् अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की गई। यहां से पौधे ले जाकर निवर्तमान पार्षद अपने वार्डों में स्थित पार्कों में लगाएंगे।पौधा वितरण कार्यक्रम में



विजय वाजपेयी, राकेश सिंह, सीए अभिषेक मौर्य, एड . विशाल सिंह, सुमित भट्ट, सूरज मौर्य, जतिन मौर्य, प्रमोद शर्मा, विकास सिंह, विक्की मौर्य, विधान रॉय, आयुष तनेजा, सुशील चौंहान, निमित शर्मा, अनिल चौहान, लवली लांबा, मुकुल रावत, शिव कुमार, भुवन गुप्ता, हरीश चौध री, आदि लोग मौजूद रहे। दुर्गेश मौर्य ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आग्रह किया कि पौधा रोपण के बाद बड़े होने तक इनकी परवरिश अवश्य करें।

# बाथरूम में पैर फिसलने से कांस्टेबल की मौत

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। केला खेड़ा निवासी उत्तराखंड पुलिस के कांस्टेबल की बाथरूम में पैर फिसलने से आई चोट के कारण मौत हो गई। सल्ट अल्मोड़ा थाना में तैनात मूल रूप से मंजरा रहमतुल्ला केलाखेड़ा निवासी हरपाल सिंह वर्ष 1993 से पुलिस विभाग में आरक्षी पद पर भर्ती हुए थे । पुलिस के मुताबिक हरपाल सिंह शुक्रवार को बाथरूम गए थे । वही उनका संतुलन बिगड़ गया और उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। हादसे के बाद उन्हें गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां शनिवार देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई है। उनके निधन से परिजनों और पुलिस महकमे में शोक व्याप्त हो गइ है।



# रईसजादे ने बस चालक का दांत तोड़ा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत सायं मामूली बात पर कार सवार एक रईसजादे ने दोस्तों के साथ मिलकर कोतवाली के सामने ही रोडवेज बस चालक पर हमला कर उसका दांत तोड़ दिया। बताया जाता है कि शनिवार की शाम कोतवाली के सामने ही एक कार चालक अमीरजादे ने अपने दोस्तों के साथ पहले खुद गलती की और जब खुद का ही नुकसान हुआ तो गुस्सा एक बस चालक पर उतार दिया। उसे कोतवाली के सामने बुरी तरह पीटा और मुंह मे मुक्का मार कर उसका दांत तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार बरेली डिपो की बस संख्या यूपी 25 डीटी 6553 गत शाम यात्रियों को लेकर बरेली के लिए हल्द्वानी रोडवेज बस अड्डे से रवाना हुई। कोतवाली के सामने पहुंची तो पीछे से आ रही कार के चालक ने रॉन्ग साइड से बस को ओवरटेक किया। इस दौरान कार का एक हिस्सा बस से रगड़ता चला गया और उसका साइड मिरर टूट गया। इस पर कार चालक ने बस को बीच सड़क



रोक लिया। बस चालक से गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी।बस चालक बरेली निवासी गौस मियां का आरोप है कि कार सवार तीन युवक और चालक ने मारपीट कर उनका दांत तोड़ा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों युवकों को मेडिकल के लिए बेस अस्पताल भेजा। बताया जाता है कि आरोपी कार चालक पूर्व में भी कई बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में कार्रवाई का सामना कर चुका है। बीते साल युवक की दूसरी महंगी व मोडिफाइड कार को कोतवाली पुलिस ने ही सीज कर दिया था। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि किसी भी पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# वैश्य महासभा हल्द्वानी के रामबाबू अध्यक्ष और तनुज महामंत्री बने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वैश्य महासभा हल्द्वानी की साधारण सभा का आयोजन श्री अग्रसेन भवन रामपुर रोड पर हुआ। जिसमें चुनाव संचालन समिति द्वारा चुनाव भी संपन्न कराया गया। साधारण सभा में सर्वप्रथम आय व्यय प्रस्तुत किया गया। जिसके पश्चात हुए चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु रामबाबू जयसवाल तथा महामंत्री पद हेतु तनुज गुप्ता को निर्वाचित किया गया। चुनाव निर्वाचन समिति में भगवान सहाय अग्रवाल, विनय लाहोटी, बद्री प्रसाद गुप्ता, सुशील अग्रवाल पप्पी, श्रीकांत खंडेलवाल रहे। अध्यक्षता आलोक शारदा ने तथा संचालन महासचिव भवानी शंकर नीरज द्वारा किया गया।




बैठक में वैश्य महासभा एवम घातक दलों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रुप से देवेंद्र केसरवानी, गंगा जयसवाल, राजीव जयसवाल, पूनम अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, भुवनेश गुप्ता, रमेश केसरवानी, प्रेम गुप्ता, रामकिशोर अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, मुकेश लहरिया, विजय गुप्ता, कपिल अग्रहरी, डाक्टर राजीव गुप्ता, अतुल जयसवाल, भोलानाथ केसरवानी, बीनू जयसवाल आदि उपस्थित रहे।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# स्वरोजगार योजना के लिए करें आवेदन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश के उद्यमशील युवाओं व बेरोजगार युवकों के लिए जो अपना स्वरोजगार/उद्योग/उद्यम स्थापित करने के इच्छुक हैं, उनके लिए उद्योग विभाग/जिला उद्योग केन्द्र द्वारा जनपद में मुख्यत: मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना व मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अति सूक्ष्म (नैनो) संचालित की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी इन योजनाओं में लाभ हेतु आवेदन कर सकते हैं। जानकारी देते हुए महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र विपिन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में उद्योग/विनिर्माणक क्षेत्र में अधिकतम रू. 25 लाख का ऋण, व्यवसाय एवं सेवा क्षेत्र में अधिकतम रू. 10 लाख का ऋण, लाभार्थी का अंशदान परियोजना लागत का 5%/10% तथा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अति सूक्ष्म (नैनो) में उद्योग/सेवा/व्यवसाय क्षेत्र में अधिकतम रू 50 हजार तक का ऋण, योजनान्तर्गत सामान्य वर्ग को 25 प्रतिशत व एससी/एसटी/ओबीसी/महिला/भू.पू.सैनिक/दिव्यांग के लाभार्थी को 30 प्रतिशत का उपादान(सब्सिडी) देय है। महाप्रबंधक ने बताया कि जो इच्छुक अभ्यर्थी योजनान्तर्गत आवेदन करना चाहते हैं, www-msy-uk-gov-in पर फार्म भरकर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करते हुए आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला उद्योग केन्द्र ऊधम सिंह नगर कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में नि:शुल्क फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध है। किसी भी जानकारी के लिए पर www-msy-uk-gov-in सम्पर्क कर सकते हैं।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाय नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# डीएम से मिले विधायक अरविंद पांडे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक गदरपुर अरविंद पांडे ने अपने विधानसभा क्षेत्र की



समस्याओं को लेकर जिला अधिकारी उदयराज सिंह से जिला कार्यालय में भेंट वार्ता की। उन्होंने गदरपुर महाविद्यालय हेतु चयनित भूमि पर महाविद्यालय को कब्जा दिलाने के साथ ही सीमांकन हेतु चाहरदीवारी कराने व कोपा-मुन्सयारी में वनभूमि में मिट्टी भरान कर कच्ची सड़क मार्ग बनाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को उक्त सड़क को जिला योजना में प्रस्तावित करने के निर्देश दिए साथ ही गदरपुर महाविद्यालय की भूमि चिन्हांकन के निर्देश उपजिला अधिकारी को दिए। विधायक श्री पांडे ने स्टोन क्रेशर के वाहनों में ओवरलोडिंग होने के कारण बजरी सडको पर गिरने से होने वाली दुर्घटना को रोकने हेतु ओवरलोडिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर हो रहे अवैध खनन को रोकने का अनुरोध किया।

# दो दिवसीय भ्रमण पर पहुंचे राज्यपाल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड ले. जन. (रिट.) गुरमीत सिंह अपने दो दिवसीय भ्रमण पर विमान द्वारा निर्धारित समय पर पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एसपी सिटी मनोज कत्याल, पुलिस उपाधीक्षक



निहारिका तोमर ने राज्यपाल महोदय का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। एयरपोर्ट विश्राम कक्ष में कमाण्डेंट ईस्टर्न कमाण्ड ले.जन. आर सी तिवारी ने राज्यपाल महोदय से शिष्टाचार भेंट वार्ता की व अनुभव साझा किए। इसके उपरांत राज्यपाल तराई भवन पहुंचे जहां पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। रात्रि विश्राम तराई भवन में किया। राज्यपाल 23 जून रविवार को प्रात: 09 बजे तराई भवन से कार द्वारा बनबसा जनपद चंपावत के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल महोदय बनबसा चंपावत से 12:40 बजे प्रस्थान कर 1:30 बजे नानकमत्ता साहिब पहुंचेंगे। राज्यपाल महोदय नानकमत्ता से 2:30 बजे कार द्वारा जनपद नैनीताल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# डीएम ने आपदा बचाव के निर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने पिछले आपदा में बरसात के कारण हुए नुकसान वाले स्थान पर आपदा से बचाव हेतु किए जा रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। कलसिया और रक्सिया नाले से होने वाले नुकसान को नियंत्रित करने के लिए आपदा मद से किया जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मानसून से पहले कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी वंदना ने शनिवार को प्रेमपुर लोशज्ञानी रकसिया नाले पर हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि रकसिया नाले के फैलाव के कारण लोगों को वर्षाकाल में जलभराव से काफी परेशानी होती थी। इस फैलाव को रोकने हेतु उत्तराखण्ड अर्बन डेवलपमेंट एजेंसी (एडीबी) की वित्तपोषित योजना के तहत रसकिया नाले को 30 करोड की लागत से चौनेलाईज किया जा रहा है। इसकी लम्बाई कुल 1500 मीटर है वर्तमान में तीन स्थानों पर कार्य किया जा रहा है। रकसिया नाले को 3 से 4 मीटर भूमिगत कर नाले के ऊपर सडक मार्ग का निर्माण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर एडीबी कुलदीप सिंह को निर्देश दिये कि वर्करों की संख्या को बढाया जाए ताकि कार्य शीघ्र पूर्ण कर लोगों को जलभराव से निजात मिल सके। जिलाधिकारी द्वारा विगत दिनों प्री मानसून से पूर्व नगर निगम एवं सिंचाई विभाग को नालों की सफाई के लिए आदेशित किया था। स्थलीय निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नगर निगम ने सफाई हेतु आवंटित क्षेत्र 4200 मीटर तथा सिंचाई विभाग ने कुछ स्थानों पर नाले की सफाई पूर्ण नही की है। जिस पर जिलाधिकारी ने नगर निगम और सिंचाई विभाग को तीन दिन के भीतर मशीन और मैनपावर बढ़ाते हुए नालों और नहर की



सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने तहसीलदार हल्द्वानी को निर्देश दिये कि तीन दिन के भीतर सफाई कार्य की सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त नगरीय क्षेत्रों में मानसून से पूर्व वर्षा, अतिवृष्टि होने से नगरीय क्षेत्रों में नाले, नालियों, नहरो में कूडा-कचरा व सिलट की सफाई नही किये जाने से जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों से अपने-अपने क्षेत्रों के नाले एवं नहरों की सफाई की स्थिति का भौतिक सत्यापन कर तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को स्थानीय लोगों ने बताया कि पनचक्की चौराहे के निकट वर्षाकाल मे जलभराव होने से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिस संबंध में राजस्व,सिचाई, वन और नगर निगम की संयुक्त समिति गठित करते निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कहा कि इन विभागों द्वारा देखा जाए कि किन कारणों से क्षेत्र में जलभराव होता है जिससे नाले को चौनेलाईज कर जल भराव की समस्या का समाधान हो सके। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा देवखडी नाले में 13 लाख की धनराशि से वन विभाग द्वारा आपदा मद के तहत किए जा रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया गया। देवखडी नाले पर 08 मीटर के 7 वायरक्रेट, 10700 सीमेंट के बैग रखे जाने है तथा देवखडी नाले की सफाई भी की जानी है।इसके पश्चात डीएम ने हल्द्वानी शहर के 13 चौराहे के चौड़ीकरण को लेकर भी अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने लोनिवि को एक सप्ताह के भीतर नरीमन चौराहे और लालडांट चौराहे के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। विदित है कि पंचायत और पनचक्की चौराहे पर चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा इन क्षेत्रों में आवाजाही में भी आसान हो गई है। डीएम ने नगर निगम , राजस्व विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए है की जिन चौराहों पर कार्य पूर्ण हो गया है वहां किसी भी दशा में अतिक्रमण नहीं लगना चाहिए। कहा कि निगम का दायित्व है कि वह शहरी सड़कों के आसपास नो हॉकर जोन निर्धारित करें जिससे शहर अनावश्यक ट्रैफिक के साथ ही अतिक्रमण से मुक्त रहे। मंगल पड़ाव में जिलाधिकारी के पहुंचते ही चौड़ीकरण के जद में आ रहे दुकानस्वामियो ने अपनी समस्या रखी। प्रभावितो का कहना था कि सड़क चौड़ीकरण से उनके यहां जगह कम होने से ग्राहकों पर प्रभाव पड़ेगा। साथ ही पार्किंग की समस्या भी रहेगी। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि 12 मीटर तक सड़क चौड़ी प्रस्तावित है। प्रभावित दुकानदारों के लिए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स भी प्रस्तावित है जब तक कॉम्प्लेक्स का कार्य पूर्ण नहीं हो जाता तब तक आंशिक रूप से प्रभावित दुकानदारों के लिए अस्थाई तौर पर वैकल्पिक स्थान में टीन शेड तैयार किया जाएगा जिसके लिए ईई लोनिवि को निर्देशित किया। इसके साथ ही सभी को चौड़ीकरण का प्लान शेयर किया जाएगा जिससे सबको जानकारी रहे। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, अपर निदेशक प्रशिक्षण ऋचा सिंह, उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा, अधिशासी अभियंता अशोक कुमार चौधरी, तहसीलदार सचिन कुमार के साथ ही सिंचाई, नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य महकमे की अस्मिता पर उठ रहे सवाल, जांच जरूरी

## प्राइवेट अस्पतालों में चल रहा है बड़ा फर्जीवाड़ा

**मनोज श्रीवास्तव**

काशीपुर। क्षेत्र में कुकुरमुत्ते की तरह से प्राइवेट अस्पताल खुलते चले जा रहे हैं। इनमें से अधिकांश अस्पतालों में बड़ा फर्जीवाड़ा चल रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने यदि समय रहते ऐसे अस्पतालों की बारीकी से जांच कर इनके संचालकों के खिलाफ कार्यवाही नहीं किया तो सरकार के राजकाज पर इसका सीधा असर देखा जा सकेगा। अकेले काशीपुर की बात करें तो अब तक तीन दर्जन से अधिक प्राइवेट अस्पताल कथित तौर पर संचालित है जबकि दर्जनों संचालन के कगार पर है। इनमें से अधिकांश अस्पतालों के संचालकों का चिकित्सीय पेशे से अथवा मेडिकल लाइन से कोई सरोकार नहीं है। ऐसे अस्पताल पूरी तरह दलाली एवं कमीशनखोरी के दम पर चलाए जा रहे हैं। और तो और यहां रोगियों अथवा उनके तीमारदारों को गुमराह करने के लिए देश के नामी गिरामी अस्पतालों के नामों की डुप्लीकेसी कर अस्पताल खोल दिए गए हैं जहां उपचार के नाम पर पूरी तरह रोगियों का आर्थिक दोहन किया जा रहा है। ऐसी अस्पतालों के दलाल राजकीय चिकित्सालय परिसर में भी अक्सर घूमते देखे जाते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य होता है रोगियों अथवा उनके तीमारदारों को येन केन प्रकारेण गुमराह कर उसे प्राइवेट अस्पताल तक पहुंचाना और बदले में अमुक अस्पताल से अपना कमीशन वसूल करना। इन दलालों के तार सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बैठे झोलाछाप डॉक्टरों से भी सीधे तौर पर जुड़े होते हैं। अधिकांश अस्पताल इसी कमीशन खोरी एवं दलाली के ढेर पर संचालित है। इस पूरे फर्जीवाड़े में काबिले गौर पहलू यह है कि अस्पताल संचालक जब कमीशन देकर मरीज को अपने अस्पताल में भर्ती कर रहा है तो उपचार के नाम पर उसका किस कदर दोहन करता होगा सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। यहां मेदांता वेदांता अपोलो जैसे नामी गिरामी अस्पताल कथित तौर पर संचालित है। इनमें से एक अस्पताल तो खुद को शुगर का स्पेशलिस्ट बताता है। जसपुर रोड पर बेस पॉइंट के समीप मेदांता संचालित है। अंदर स्टाफ तथा इनकी व्यवस्था एवं काम करने का तरीका यदि करीब से किसी ने देख लिया चिकित्सा सेवा से उसका विश्वास उठ जाएगा। किस तरह के निजी अस्पतालों के संचालक पर समय रहते जिम्मेदार अधिकारियों को जांच पड़ताल के बाद रोक लगा देना चाहिए। ऐसा नहीं होता तो निश्चित रूप से जहां उपचार के नाम पर रोगियों की जिंदगियों से लगातार खिलवाड़ जारी है वहीं दूसरी ओर कहीं ना कहीं स्वास्थ्य महकमे की अस्मिता पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।



### डिग्री एमबीबीएस की और किए जा रहे हैं सिजेरियन ऑपरेशन !

काशीपुर। डिजाइन सेंटर के समीप एक निजी अस्पताल के संचालन को लेकर समाज सेवा से जुड़े एक व्यक्ति ने जिम्मेदार अधिकारियों को पत्राचार किया है। भेजे पत्र में बताया गया कि अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी न होने के बावजूद अस्पताल पिछले कई वर्षों से संचालित किया जा रहा है। अशिक्षित नर्सिंग स्टाफ यहां रोगियों की जिंदगियों से लगातार खिलवाड़ कर रहे हैं। इस अस्पताल की महिला चिकित्सक के पास एमबीबीएस की डिग्री है और सिजेरियन ऑपरेशन तक किए जा रहे हैं। इस तरह के मामलों का यहां 35 हजार मे ठेका ले लिया जाता है। इसके अलावा नियम विपरीत तरीके से महिला चिकित्सक पर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का भी गंभीर आरोप लगाया गया है।

# विधायक शिव अरोरा ने किये बाबा केदार के दर्शन

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। रूद्रपुर के विधायक शिव अरोरा ने शनिवार को केदारनाथ धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन किये एवं धाम में पूजा अर्चना कर समस्त उत्तराखंड व रुद्रपुर वासियो के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने यात्रा पर पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनायें देते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह है। आज बाबा केदारनाथ जी के दर्शन करने का उन्हें यह सौभाग्य प्रप्त हुआ हैं जहाँ मन को सुख व शांति की अनुभूति होती है ओर यहाँ की दिव्यता भव्यता देखर आत्मीय संतोष का अनुभव होता है। विधायक शिव अरोरा ने इस दौरान जगतगुरु शंकराचार्य जी की प्रतिमा पर भी जाकर उनको नमन कर आशीर्वाद लिया। केदारनाथ धाम में पुनर्निमार्ण कार्यो से भव्य स्वरूप में बदल रही है। यहां देश विदेश से लाखों यात्री अपनी मनोकामना लिए पहुंचते है। बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए यात्रियों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर रहे है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार से असुविधा नहीं होगी। सरकार द्वारा पर्यटको के लिए यहाँ आने हेतु उचित व्यावस्था की हुई है, जिसके चलते रिकॉर्ड श्रद्धालु इस वर्ष भी बाबा केदार के दर्शन हेतु आये है।



# दो लोगों की जिंदगी रोशन कर गयी सरोज जुनेजा

किच्छा। चुकटी देवरिया निवासी सरोज जुनेजा दो लोगो की जिंदगी रोशन कर गयी। उनकी मृत्यु उपरांत मुरादाबाद की आई बैंक टीम ने जुनेजा फार्म पहुंच उनकी आंखें सुरक्षित रख ली। जिन्हे दो लोगो को प्रत्यारोपित किया जाएगा। रविवार सुबह वार्ड नंबर एक चुकटी देवरिया समाजसेवी विशाल जुनेजा व अजय जुनेजा की माता जी सरोज जुनेजा का 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके पुत्रो ने मां के स्वर्गवासी होने पर उनके नेत्र दान का निर्णय लिया। जिसके चलते मुरादाबाद के सीएल गुप्ता आई बैंक वेलफेयर सोसायटी से संपर्क किया। जिस पर सुबह आठ बजे सीएल गुप्ता आई बैंक की टीम के सीनियर टेक्नीशियन दीपक व जूनियर टेक्नीशियन दीपक कुमार ने जुनेजा फार्म पहुंच कर सरोज जुनेजा की आंखे सुरक्षित रख ली। स्वर्गवासी सरोज जुनेजा के पुत्रों के इस निर्णय से उनकी आंखे इस संसार को देखने की चाह रखने वाले दो लोगो की मुराद पूरी कर देगी।



# इस्लामनगर ने जीता जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट

शक्तिफार्म। गुरुग्राम में आयोजित जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में इस्लामनगर ने अलीनगर को पांच विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। रोहित बिष्ट को मैन ऑफ दी सिरीज और शाहरुख को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। भाजपा नेता अजय जायसवाल ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की। पहले बल्लेबाजी करते हुए अलीनगर ने निर्धारित 15 ओवरों में आठ विकेट गंवाकर 130 रन बनाया। जाकिर



ने 47 और इमरान ने 37 रन बनाए। इस्लामनगर के शाहरुख ने तीन और आरिफ ने दो विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए इस्लामनगर ने दो गेंद शेष रहते पांच विकेट से जीत हासिल की। रोहित ने नाबाद 58 और राजा ने 30 रनों का योगदान किया। अलीनगर के इमरान ने दो विकेट लिया। मैच में लक्ष्मण राय और मुकेश खान अंपायर, जयन्त मंडल और अमित बैरागी कमेंट्रेटर, प्रमोद राय और लकी मंडल स्कोरर रहे। वहां विधान दास, रबीन विश्वास, प्रदीप विश्वास, शुभम नंदी, मनजीत खान, नरेश राय, मनोज खान, राजा हलदार, मनोज डीजे, अनिमेष महलदार आदि मौजूद थे।

# श्री अनंत प्रेम आश्रम से निकाली भव्य कलश यात्रा

## आज से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री अनंत प्रेम आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होने से पहले महिलाओं द्वारा गत दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भक्त हरि नाम संकीर्तन करते हुए बैंड बाजे की धुन पर नृत्य करते हुए भक्ति के भाव में नाच रहे थे। कलश यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। कलश यात्रा श्री अनंत प्रेम आश्रम से प्रारंभ होकर अग्रवाल धर्मशाला मंदिर, भगत सिंह चौक, आदर्श कॉलोनी होते हुए पुन: श्री अनंत प्रेम आश्रम पहुंची। जहां विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्रीमद् भागवत कथा का ग्रंथ स्वरूप विराजमान किया गया। कथावाचक आचार्य नीरजा शरणार्थी ने कलश यात्रा का महत्व बताते हुए कहा कि कलश यात्रा का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ करने से पहले कलश यात्रा निकाली जाती है। कलश में सारे देवता विराजमान होते हैं और कलश को महिलाओं के सिर पर रखकर भ्रमण करने से धरा सिद्ध होती है। जो कलश को धारण करता है उसकी आत्मा भी पवित्र हो जाती है इसलिए कलश यात्रा निकाली जाती है। श्री अनंत प्रेम आश्रम में आज 23 जून को सायं 3 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा और समापन शाम 6 बजे होगा। यह श्रीमद् भागवत कथा 23 जून से प्रारंभ होकर आगामी 29 जून तक होगी। निकाली गई कलश यात्रा में कथा व्यास आचार्य नीरजा शरणार्थी, संत प्रेम निष्ठानंद बाई जी, पंडित लव कुश शास्त्री श्री धाम वृंदावन, कमल जैन, कमल बंसल, श्रीमति अंजू बंसल, अरिहंत बंसल, चारुल बंसल, अंशिका, उजाला, आदीश, महक, सालिकराम बंसल, राधेश्याम बंसल, विष्णु बंसल, महेश बंसल, गोपेश बंसल, जसपाल अरोरा, खैराती लाल गगनेजा, सुभाष गगनेजा, चेतन, राजू हुड़िया, शिवम राजपाल, पुष्प रानी, कीर्ति, प्रिया व मान आदि थे।





# चीनी मिलों में प्रस्तावित बजट की समीक्षा बैठक आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उधम सिंह नगर / प्रबन्ध निदेशक उत्तराखण्ड शुगर्स की अध्यक्षता मे समस्त सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत बजट के सापेक्ष किये गये व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित बजट की समीक्षा की गई । जिलाधिकारी / प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड शुगर्स की अध्यक्षता में शनिवार को जिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर के सभागार कक्ष में अपर गन्ना आयुक्त, सहायक गन्ना आयुक्त, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग (काशीपुर), प्रभारी महाप्रबन्धक (उत्तराखण्ड शुगर्स), समस्त चीनी मिलों के प्रधान प्रबन्धक/अधिशासी निदेशक/कार्यकारी प्रबन्धक, समस्त विभागाध्यक्ष, चीनी मिल सितारगंज की लीजधारक फर्म के प्रतिनिधि की उपस्थिति में चीनी मिल किच्छा/ बाजपुर/नादेही/डोईवाला में वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत बजट के सापेक्ष किये गये व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित बजट के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी / प्रबन्ध निदेशक उत्तराखण्ड शुगर्स द्वारा उपस्थित चीनी मिलों के समस्त अधिकारियों से वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत बजट के सापेक्ष किये गये व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित बजट के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा करते हुये चीनी मिलों के समस्त अधिकारियों एवं अपर गन्ना आयुक्त, सहायक गन्ना आयुक्त, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग (काशीपुर) को आवश्यक निर्देश दिये । उन्होंने कहा कि आगामी पेराई सत्र 2024-25 हेतु गन्ना आयुक्त कार्यालय के स्तर से अद्यतन किये गये गन्ने के सर्वे का डाटा एक सप्ताह के भीतर सम्बन्धित चीनी मिलों को उपलब्ध कराए व आगे किये जाने वाले सर्वे का डाटा साप्ताहिक रूप से सम्बन्धित चीनी मिलों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने कहा विगत पेराई सत्र 2023-24 में सर्वे हेतु अधिकृत फर्म द्वारा किये गये सर्वे के सापेक्ष गन्ने की उपलब्धता न होने के कारण अधिकृत फर्म को चेतावनी पत्र निर्गत करते हुये आगामी पेराई सत्र 2024-25 हेतु कराये जा रहे सर्वे को वास्तविक आधार पर किया जाना सुनिश्चित किया जाय। गत वर्ष की तरह गन्ने की उत्पादकता प्रति हे0 906 कु० निर्धारित की गयी थी, जबकि वास्तविक उपज 500 कु० प्रति हे० के हिसाव से भी आपूर्ति नहीं हो पाई, इसका भी वास्तविक आधार पर आकलन कर लिया जाय। छोटे एवं मझलें किसानों को गन्ने की आपूर्ति मसलन पेड़ी प्रथम दो पखवाड़े में एवं पौधे गन्ने की आपूर्ति, माह जनवरी के अन्तिम सप्ताह तक पर्ची मुहैया करा दी जाय। कॉप कटिंग की मात्रा प्रति हे० मात्रा निर्धारण करने वाली टीम में सम्बन्धित चीनी मिलों के एक सदस्य को भी अवश्य शामिल किया जाय। चीनी मिल नादेही में विगत पेराई सत्र में सीजन के दौरान लुब्रीकेन्ट की खपत अधिक होने के कारण तकनीकी अधिकारियों की कार्यशैली पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये आगामी पेराई सत्र 2024-25 में इसको मानकों के अनुरूप किया जाय। उत्तराखण्ड शुगर्स मुख्यालय स्तर पर चीनी मिलों के संचालन हेतु आवंटित बजट के सापेक्ष होने वाली हानियों हेतु चीनी मिलों में तैनात अधिकारियों/ कर्मचारियोंकी जिम्मेदारी निर्धारित किये जाने हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार कर शासन स को स्वीकृत हेतु भेजने के निर्देश भी दिए । बैठक में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर शुगर मिल किच्छा त्रिलोक सिंह मार्तोलिया, एग्जीक्यूटिव मैनेजर बाजपुर शुगर मिल हरबीर सिंह, जन. मैने. नादेही शुगर मिल डी पी सिंह, मैनेजर शुगर फेड. विजय पांडे सहित अन्य शुगर मिल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# प्रशासनिक अधिकारियों राज्यपाल को दी विकास योजनाओं की जानकारी

पंतनगर/ रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने जनपद भ्रमण के दौरान जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर स्थित तराई अतिथि गृह में देर साय: जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने जिला प्रशासन द्वारा किए गए अभिनव कार्यों एवं चुनौतियों को राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने बताया कि किस प्रकार विभिन्न केंद्र एवं राजकीय योजनाओं के माध्यम से सम्पूर्ण जनपद को लाभान्वित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि रूद्रपुर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत नजूल भूमि पर लाभार्थियों को मालिकाना हक देने हेतु उन्हें सरकार आपके द्वार योजना के अंतर्गत प्रशासन द्वारा उनके घर घर जाकर सुविधाएं प्रदान की गई, जिस पर राज्यपाल ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टी. सी. ने विस्तार से जनपद की



पुलिस क्रिया कलापों का विवरण दिया। डॉ मंजूनाथ टी सी ने बताया कि जनपद में बढ़ते अपराधों को रोकने के सीसीटीवी नेटवर्क का जाल विस्तृत रूप से फैलाया गया है, और जिसकी निगरानी केंद्रीयकृत माध्यम से की जा रही है। उन्होंने जिले की शांति एवं कानून व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उधम सिंह नगर जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्य उल्लेखनीय हैं। उन्होंने कहा कि उधम सिंह नगर उत्तराखंड राज्य के कुमाऊं क्षेत्र का प्रवेश द्वार है एवं साथ ही यह जनपद उत्तर प्रदेश राज्य के पांच जनपदों के साथ भी अपनी सीमा साझा करता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मानसखंड मंदिर माला परियोजना आकार ले रही है, उस से आने वाले समय में उधम सिंह नगर में भी श्रद्धालुओं और यात्रियों की आमद निश्चित रूप से बढ़ेगी। राज्यपाल ने कहा कि अभी से ही जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देते हुए आधारभूत संरंचाओं के विकास को बढ़ावा देने की ओर ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि मनरेगा के माध्यम से हेलीपैड निर्माण जैसे कार्यों को संपन्न कराना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पंतनगर हवाई अड्डा, अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनने जा रहा है, केंद्र सरकार की इस पहल से कुमाऊं क्षेत्र में ना सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा अपितु साथ ही औद्योगिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में संपूर्ण विश्व कुछ वैश्विक चुनौतियों से निपटने की तैयारियों में जुटा हुआ है, जिसमें तापमान की बढ़ोतरी, भूमिगत जल का गिरना, वनाग्नि और आधुनिक शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधाएं अहम हैं। राज्यपाल ने कहा कि जिस प्रकार उधम सिंह नगर जिला प्रशासन द्वारा यह सभी कार्य किए गए हैं, तो यह भी आवश्यक है कि इसको सही माध्यम में उल्लेखित किया जाए साथ ही इन कार्यों का उचित प्रचार एवं प्रसार भी किया जाए, इस हेतु राज्यपाल ने जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक एक कॉफी टेबल बुक बनाने के भी निर्देश दिए, जिस से उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की जानकारी अन्य जिलों को भी प्राप्त हो सके।इस अवसर पर जिलाधिकारी उदय राज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा मंजुनाथ टीसी, सीडीओ मनीष कुमार सहित जनपद के सभी नगर निगमों के नगर आयुक्त, जल संस्थान एवं पेयजल निगम के महाप्रबंधक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सहित जनपद के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# घोषणाओं पर शीघ्रता से कार्य करें : सीडीओ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने तीस सूत्री कार्यक्रम, बीस सूत्री कार्यक्रम, मा. मुख्यमंत्री घोषणा, सी.एम. हेल्पलाइन, एनीमिया मुक्त भारत, एसडीजी की प्रगति, अंतर्विभागीय प्रकरणों की समीक्षा, सांसद आदर्श ग्राम योजना, यूयूएसडीए के प्राप्त एनओसी, राज्य/केन्द्र/जिला योजना के संबंध में समीक्षा बैठक विकास भवन शहीद ऊधम सिंह सभागार में ली। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन पोर्टल पर लंबित शिकायतों पर विभागवार चर्चा की व उन्हें शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए साथ ही सभी विभागों को आगे भी नियमित रूप से शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मा. मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की विकासखंडवार व विभागवार समीक्षा की उन्होंने कहा कि सभी घोषणाओं पर शीघ्रता से कार्य करे व कहा कि जिन घोषणाओं की डीपीआर अभी नहीं बनी है उनकी डीपीआर तैयार करते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने सांसद आदर्श ग्राम योजना में सांसद महोदय द्वारा गोद लिये गये ग्राम



में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की । उन्होंने विभागों को आपसी समन्वय करते हुए सभी मूलभूत सुविधाओं हेतु कार्य करने के निर्देश भी दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को राज्य/केन्द्र/जिला योजना में आवंटित बजट का शत-प्रतिशत उपयोग करते हुए जनसाधारण के लिए योजना बनाते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीस सूत्री व तीस सूत्री कार्यक्रम की मदों का अनुश्रवण किया तथा सभी अधिकारियों को प्रतिदिन का लक्ष्य बनाते हुए कार्य करने व चालू कार्यों में शीघ्रता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अंतर्विभागीय प्रकरणों के लिए कोई समस्या होने पर उच्च अधिकारियों को अवगत कराने को कहा ताकि समस्या का शीघ्र निस्तारण हो सके व कार्यों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने एनीमिया मुक्त भारत के लक्ष्य हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को एनीमिया के सभी घटकों की जानकारी देते हुए जनसामान्य में जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी मनोज कुमार शर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी के.एस. रावत,जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, प्रभारी अधिकारी अमृता शर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. ए.के. वर्मा, अभिहित अधिकारी प्रकाश चंद फुलारा, एपीडी संगीता आर्या,, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नफील जमील सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कच्ची शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत चौकी शक्तिफार्म पुलिस द्वारा एक नशा तस्कर को कच्ची शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी चौकी प्रभारी शक्तिफार्म साथी पुलिस कर्मियों कॉस्टेबल भारत भूषण ,भुवन चंद्र आर्या के साथ गत दिवस क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे । इसी दौरान झाड़ी गाँव मोड़ पर एक व्यक्ति कट्टा लेकर संदिग्ध रूप से आता दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता अनीश व्यापारी पुत्र स्व.अविनाश व्यापारी निवासी अरविन्दनगर नम्बर 02 शक्तिफार्म बताया। तलाशी लेने उपर उसके पास से कट्टे में भरे 40 पाऊच लगभग 30 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर अनीश को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।



# कला कुसुम आर्ट गैलरी बच्चों को दे रहा है सुनहरा अवसर

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। चिल्ड्रन आर्ट प्रतियोगिता सुरेंद्रनगर शक्ति फार्म में आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमें आर्ट और संगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। चार कैटेगरी में होने वाली इस प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को प्रस्तुत किया गया।कला कुसुम आर्ट गैलरी के तत्वाधान में यह प्रतियोगिता पिछले 4 वर्षों से की जा रही है। प्रतियोगिता के आयोजक सीनियर आर्टिस्ट कला प्रतियोगिता सुजन विश्वास ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए छात्र-छात्राओं के लिए चार कैटेगरी रखी गई हैं। जिनमें से ए कैटेगरी में कक्षा 1 से 3 तक, बी कैटेगरी में कक्षा चार से पांच तक, सी कैटेगरी में कक्षा



6 से 8 तक और डी कैटेगरी में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें एक कैटेगरी में दिव्यांशी राय प्रथम ,पलक मंडल दूसरे व दिशिता साह तीसरे स्थान पर रही ।बी कैटेगरी में करन सिकदर प्रथम ,सोनाली पाल दूसरे और किरण पाल तीसरे स्थान पर रही ।सी कैटेगरी में सोनाक्षी मंडल प्रथम ,नव्या मिस्त्री द्वितीय और रीता साना तृतीय स्थान पर रही ।वहीं डी कैटेगरी में वर्षा वाला प्रथम ,तनुज राय द्वितीय और अभिजीत घोष तृतीय स्थान पर रहे ।स्पेशल प्राइस गौरी ढाली को दिया गया।विश्वास ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए । आपको बता दें कि कला कुसुम आर्ट गैलरी द्वारा पिछले चार वर्षों से बच्चों में प्रतिभा को निखारने के लिये यह प्रतियोगिता की जा रही है। प्रतियोगिता के आयोजक सुजन विश्वास ने कहा कि





ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों के हुनर को बढ़ावा मिलता है व उनकी छिपी हुई प्रतिभा बाहर आती है। कहा कि हमारी कोशिश है कि हम आगे भी ऐसी प्रतियोगितायें कराते रहें। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर दिल्ली से आये वरिष्ठ कलाकार/प्रोफेसर राधे श्याम, सुनील विश्वास, शंभू साना , रवि मजूमदार , सुचित्रा मंडल, रवीन्द्र बराल, गोलोक, मनोज विश्वास, समीर साना, चित्रा हलधर, एफ एन मंडल आदि सामिल थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# जहरीली शराब

किसी त्रासद घटना का सबक यह होना चाहिए कि उसमें हुई हानि को ध्यान में रख कर बाकी जगहों पर भी ऐसे उपाय किए जाएं जिससे वैसी घटनाओं से बचा जा सके। मगर विडंबना यह है कि ज्यादातर घटनाओं को स्थानीय समस्या मान कर दूसरी जगहों पर उसकी अनदेखी कर दी जाती है या फिर उसे महज एक खबर की तरह देखा जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर जहरीली शराब का सेवन करने से लोगों के मरने की खबरें आती रहती हैं। मगर वैसी घटनाओं में कारणों और परिणाम को लेकर एक व्यापक चिंता ठोस शक्ल नहीं लेती। गौरतलब है कि तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देसी शराब पीने की वजह से कम से कम सैंतालीस लोगों की जान चली गई और अन्य तीस लोगों की हालत बेहद गंभीर हो गई। इस शराब के सेवन से एक सौ पैंसठ लोग बीमार हुए थे, जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। यह अवैध तरीके से शराब बना कर लोगों को बेचने वाले की आपराधिक लापरवाही का नतीजा है, लेकिन जिस तमिलनाडु को कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर बेहतर स्थिति में माना जाता है, वहां पुलिस-प्रशासन की नाक के नीचे शराब के नाम पर जहर परोसने का गैरकानूनी कारोबार करने वालों को यह सुविधा कैसे मिली कि वे बेधड़क अपना धंधा चला रहे थे और उनके पास भारी संख्या में लोग शराब पीने पहुंचते थे। जाहिर है, इतने सारे लोगों के मारे जाने के बाद अब सरकार और प्रशासन की ओर से एक औपचारिकता पूरी करने के लिए घटना की जांच, गहन तलाशी अभियान चलाने का निर्देश और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया गया है। सरकार ने जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को आर्थिक मदद की भी घोषणा की है। सरकार ने उस इलाके में प्रभावित लोगों की वास्तविक संख्या जानने के लिए घर-घर जाकर गणना करने की भी बात कही है। यह अपील की गई है कि जिन लोगों ने अवैध शराब का सेवन किया है, वे जल्द से जल्द जांच कराएं और जरूरी होने पर इलाज कराएं। इसे सरकार की संवेदनशीलता के तौर पर देखा जा सकता है। मगर यह समझना मुश्किल है कि सरकारी तंत्र की इस तरह की सक्रियता किसी त्रासद घटना के सामने आने और उसके तूल पकड़ लेने के बाद ही क्यों दिखाई देती है।

# जिला पंचायत की बैठक 25 जून को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला पंचायत की विभिन्न समितियों की बैठक एवं जिला पंचायत की सामान्य बैठक 25 जून को जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यालय सभागार में होंगी।जानकारी देते हुए अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह ने बताया कि जिला पंचायत की विभिन्न समितियों की बैठक 10 बजे से 11:30 बजे तक तथा सामान्य बैठक 11: 30 बजे से 12:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिनमें ऐजेण्डावार चर्चा की जाएगी। इसके उपरांत 12:30 बजे से जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जाएगी।अपर मुख्य अधिकारी ने अनुरोध किया है कि जिला पंचायत के सभी सम्मानित सदस्य उक्तानुसार निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में प्रतिभाग करें।

# घोड़ों को कष्ट देकर तीर्थयात्रा पर लगे प्रतिबंध : मुलेखी

## मांसाहार का जलवायु परिवर्तन से गहरा संबंध: आचार्य प्रशांत

ग्रेटर नोएडा (उद ब्यूरो)। देश की जानी मानी एनिमल एक्टिविस्ट व नारी शक्ति पुरुस्कार विजेता गौरी मुलेखी ने जानवरों के ऊपर हो रही हिंसा पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि जब तक जनता जाग्रत नही होगी तब तक इस प्रकार की हिंसा को रोकना बहुत ही मुश्किल काम है ,लेकिन इसके बावजूद प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन व उनकी संस्था अब तक लाखों जानवरो का जीवन बचाने में सफल रही है। ,उन्होंने कहा कि अकेले भारत मे प्रतिवर्ष 68 लाख टन मांस का उत्पादन होता है।पीपल फॉर एनिमल की ट्रस्टी गौरी मुलेखी ने बताया कि प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के साथ मिलकर पशु क्रूरता के खिलाफ मिलकर लड़ने का फैसला लिया है। प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक एवम एनिमल एक्टिविस्ट आचार्य प्रशांत ने कहा कि जलवायु परिवर्तन व मांसाहार का गहरा संबंध है जानवरों को चारा खिलाने के लिए पेडों को काटा जाता है जिससे क्लाइमेट चेंज की स्थिति पैदा हो रही है इस वर्ष गर्मी के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए हैं, पृथ्वी महाविनाश की और अग्रसर हो रही है। देश की जानी मानी एनिमल एक्टिविस्ट गौरी मुलेखी ने प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक आचार्य प्रशांत के साथ पशु क्रूरता रोकने के लिए विस्तार से चर्चा की, इस दौरान संस्था से जुड़े लोगों ने उनसे तमाम विषयों पर सवाल भी पूछे । एनिमल एक्टिविस्ट मुलेखी ने कहा कि एक मुर्गी साल में औसतन 40 अंडे देती है लेकिन हम अप्राकृतिक तरीके से 360 अंडे पैदा करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जैसे फीमेल को माह में चार से पांच दिन माहवारी होती है उससे अंडे बनते है इसी तरह मुर्गियों में भी रक्तस्राव होता है तथा वह अंडे देती है ,मुर्गियों को केमिकल खिलाकर उनसे साल भर अंडे पैदा करवाये जाते है वह भी एक तरह का मासिक धर्म ही है। उन्होंने कहा कि इसी तरह जानवरो से दूध लेने के लिए उन्हें ऑक्सीटोसिन के इंजेक्शन लगाए जाते हैं उसकी पीड़ा एक प्रसव के बराबर होती है।महिलाओं को तो जीवन में ये पीड़ा एक या दो बार झेलती हैं लेकिन दुधारू मादा को ये एक दिन में दो बार झेलनी होती है ताकि हम दूध पी सकें। ऑक्सीटोसिन का दर्द इतना खतरनाक होता हैं कि दूधारू पशु उसे देखकर ही तड़पने लगते हैं। वे हाथ में



इंजेनक्शन देखकर ही वो नर्वस होकर सारा दूध रिलीज कर देते हैं। जिससे हम दूध पी सकें उसके लिए नर बछड़े को शिशु अवस्था में ही मार दिया जाता है। शिशु बछड़े का चमड़ा बहुत महँगा बिकता है क्योंकि उससे हमारे ब्रांडेड पर्स, बेल्ट, बेग, जैकेट जूते आदि बनते हैं। एक सॉफ्ट काल्फ लेदर इससे भी ज्यादा पंसद किया जाता है जो कि 7-8 माह के गर्भ में पल रहे बच्चे का होता है। उसके लिए गर्भवती गाय या भैंस के पेट में गर्म लौहे से मारा जाता है ताकि वो गर्भपात हो जाये और उस चमड़े से हम सुपर ब्रांडेड सामग्री उपयोग करके अपनेआप को जेंटलमैन कह सकें। पशु जब दूध नहीं देता तो उसे कटने भेज दिया जाता है। वो ट्रक में बैठ न सके, और कुचल कर मर न सके उसके लिए उनकी आँखों में लाल मिर्च डाली जाती है ताकि वो तड़पती रहे और बैठें न। उन्हें काटने के लिए सरकार का नियम है कि पहले बेहोश करे लेकिन बूचड़खाने उन्हें जिन्दा ही काट देते हैं। उन्हें कटने वाली खिड़की तक ले जाने के लिए करंट लगाकर ले जाया जाता है। क्योंकि वो समझ जाती है और आगे नहीं जाती।उनकी खाल आसानी से उतर सके इसके लिए उनके ऊपर गर्म पानी डाला जाता है एक पशु को कटने के बाद मरने में 10-15 मिनिट लगते हैं लेकिन बूचड़खाने में 70-80 पशु प्रति घंटे काटते हैं। उन्होंने बताया कि क्रूरता की पराकाष्ठा देखिए गर्दन कटने के बाद वो तड़पती रहती है इस आस में कि मैं बच जाऊँगी। और तुरन्त उसकी पूँछ काट दी जाती है। और उसे एक पैर पर उल्टा लटका दिया जाता है। फिर बारी-बारी से इसके सारे अंग काटे जाते हैं; कोलकाता में तो उसके सिर में हथोड़े मार-मारकर उसकी हत्या की जाती है फिर उसे खाया जाता है। इसमें उनकी मान्यता है कि उसका मांस स्वादिष्ट हो जाता है। केरल में पहले उसके स्तन काटे जाते है। और स्तन वाले भाग से कीमा बनाया जाता है जो उन्हें खाने में जले हुए दूध का स्वाद आता है वो उन्हें मजेदार लगता है। उन्होंने कहा कि गाय को अपनी माँ नहीं बछड़े की ही माँ रहने दे। आपने माँ कहकर उसके यौनांग में हाथ डाल दिया। और कौनसी पीड़ा बाकी रही जो हमने उसे नही दी। गौरी ने कहा कि हमें संकट में फंसे मूक जानवरों के लिए आवाज उठानी चाहिए। 2004 - 08 के दौरान, उन्होंने सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स , नोएडा के साथ काम किया। 2008 में, मौलेखी ने देहरादून में एक पशु कल्याण एनजीओ राहत के साथ स्वयंसेवा की। 2012 में, उन्होंने पीपल फॉर एनिमल्स - उत्तराखंड की स्थापना की और उसकी ट्रस्टी बन गईं। गौरी अपने उद्देश्य के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सक्रिय हो गईं, जब उन्होंने नेपाल में गढ़ीमाई महोत्सव के दौरान बड़े पैमाने पर धार्मिक पशुओं के वध को समाप्त करने के लिए पैरवी की। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े पशु संरक्षण समूह, ह्यूमेन सोसाइटी इंटरनेशनल के साथ भी परामर्श किया है। पशु प्रेमी गौरी ने 2013 में उत्तर भारत में आई विनाशकारी बाढ़ के दौरान 6000 से ज्यादा जानवरों को निकालने में मदद की थी। यह उनकी पहल और प्रयासों की वजह से ही था कि बचाव योजनाओं में अब पशु कल्याण पर भी विचार किया जा रहा है। 2019 में, गौरी ने पशु कल्याण में सुधार के लिए सरकार की पिछली प्रतिबद्धताओं को साकार करने के लिए एक और अभियान शुरू किया। उन्होंने भारत के हर राज्य को राज्य पशु कल्याण बोर्ड बनाने के 10 साल पुराने निर्देश के बारे में लिखा। 2020 में, उन्होंने भारत के सर्वोच्च न्यायालय से ऐसा करने के लिए एक रिट जारी करने के लिए कहा। उत्तराखंड सरकार ने 2013 की बाढ़ के दौरान पशु संरक्षण और आपदा प्रबंधन में उनकी विशिष्ट सेवा को सुविधाजनक बनाया।,प्रयोगशालाओं में जानवरों के अनावश्यक उपयोग को कम करने में उनके योगदान के लिए उन्हें लश पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय ने उन्हें पशु कल्याण में सराहनीय कार्य के लिए विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया। उसी वर्ष, उन्होंने अमेरिका के कैनसस शहर में ह्यूमेन सोसाइटी इंटरनेशनल से उत्कृष्ट पशु संरक्षण पुरस्कार जीता है।

# देव संस्कृति विवि में सिख समाज एवं सनातन संस्कृति का हुआ विशिष्ट समागम

देहरादून/हरिद्वार (उद संवाददाता)। देव संस्कृति विश्वविद्यालय में शनिवार को सिख समाज एवं सनातन संस्कृति का विशिष्ट समागम हुआ। वहीं शांतिकुंज पहुंचे श्रद्धास्पद निहंग समाज के प्रतिनिधियों ने अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख श्रद्धेया शैलदीदी से आत्मीय भेंट किया। निहंग समाज के प्रतिनिधियों ने शांतिकुंज में पाँच कुण्डीय यज्ञ किया और शांतिकुंज से हरिपुर कलॉ होते हुए देव संस्कृति विश्वविद्यालय के लिए झूमते-गाते हुए भव्य रैली निकाली। समागम का शुभारंभ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या एवं फकीर सिंह खालसा के आठवें वंशज निहंग समाज के प्रतिनिधि बाबा हरजीत सिंह रसूलपुर ने किया। समागम के अध्यक्षीय उद्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि गायत्री परिवार व निहंग समाज का यह मिलन एक आध्यात्मिक संगम है। यह नई पीढ़ी में साहस, शौर्य और पराक्रम जगाने का समागम है। यह समागम देश, राष्ट्र के लिए एक मिसाल बनेगा और राष्ट्र निर्माण की एक नई धारा बहेगी। राज्यपाल ने कहा कि मानवता और भाईचारे के लिए भगवान शिव और गुरु गोबिंद सिंह जी ने जो संदेश दिया, वह एक समान है। उन्होंने कहा कि आज यहाँ दो भाइयों का मिलन हुआ। यह मिलन समाज निर्माण के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि सद्गुरु की कृपा से जन्म जन्मांतरों का कुकर्म का नाश होता है। भारत को अक्षुण्य बनाये रखने में सिख सम्प्रदाय का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि यह समय सावधान होने का है। कबीर, गुरु गोबिंद सिंह, पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य, स्वामी विवेकानंद आदि जैसे गुरुओं ने इंसान को इंसान बनाने के लिए ज्ञान की गंगा बहायी है। प्रतिकुलपति ने कहा कि सिक्ख और सनातन का मिलन साहस, शौर्य, पराक्रम और पवित्रता, प्रखरता, संवेदना का मिलन है। फकीर सिंह खालसा के आठवें वंशज निहंग समाज के प्रतिनिधि बाबा हरजीत सिंह रसूलपुर ने कहा कि आज जो संबंध स्थापित हुए हैं, यह हम दोनों के लिए महत्त्वपूर्ण है। सिक्ख और सनातन के संबंध अटूट है, जो आपसी भाईचारा का प्रतीक है।



उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार का सहजता, पवित्रता और अनुशासन नये युग के आगमन का शुभ संकेत है। इससे पहले राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने देश की सुरक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों की याद में बने शौर्य दीवार में पुष्पांजलि अर्पित की और सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। समापन से पूर्व राज्यपाल ने प्रज्ञा गीतों का (कुमाऊंनी), ई न्यूज लेटर रिनांसा, धन्वंतरी पत्रिका, संस्कृति संचार आदि का विमोचन किया। देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने राज्यपाल को स्मृति चिह्न आदि भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अयोध्या राम मंदिर लंगर वाले के प्रमुख जत्थेदार और निहंग समाज के प्रतिनिधियों, देव संस्कृति विवि और कई राज्यों से आये गायत्री साधक उपस्थित रहें।

# पुलिस का नशा मुक्ति जनजागरुकता अभियान जारी

बागेश्वर (उद संवाददाता)। पुलिस द्वारा वृहद नशा मुक्ति अभियान चलाकर मादक पदार्थो से सम्बन्धित अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने व स्कूल, कॉलेजों, नगर,



कस्बों, ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों, युवाओं व जनमानस को जागरुक करने के लिए पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी के पर्यवेक्षण में एसओजी प्रभारी प्रहलाद सिंह द्वारा काण्डा टैक्सी स्टैंड में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित वाहन चालको व उपस्थित आम जनमानस को नशा मुक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी गई। नशे के दुष्परिणामों के बारे में आगाह करते हुए यातायात नियमों की जानकारी देकर, नशे का सेवन कर वाहन ना चलाने एवं नशे से जीवन में होने वाले दुष्प्रभावों को विस्तार पूर्वक बताया गया। वर्तमान में विभिन्न माध्यमों से घटित हो रहे साईबर क्राईम के प्रति जागरूक करते हुए सोशल मीडिया में किसी अंजान व्यक्ति फोन कॉल पर किसी भी व्यक्ति को अपने बैंक खाता, एटीएम कार्ड, ओटीपी आदि की जानकारी नही देने और किसी लालच में ना आने, किसी अंजान लिंक व क्यूआर कोड को स्कैन न करने के बारे में बताया गया।साथ ही भारत सरकार द्वारा अधिनियमित नये कानूनों यथा- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम- 2023 की विस्तृत रुप से जानकारी देकर जागरुक किया गया।किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता के लिए डायल 112, बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव- साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।साइबर अपराध से बचाव सम्बन्धी पम्पलेट वितरित कर बागेश्वर की आम जनता को जागरुक किया गया।

# आईटीएम में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

देहरादून।दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यमुना कॉलोनी स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट देहरादून द्वारा योग दिवस समारोह सौल्लास पूर्वक मनाया गया। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से डॉ. राधिका नागरथ और योगाचार्य ईशा सैनी एवं भावना भारद्वाज ने सामान्य योग प्रोटोकॉल में निहित योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। आईटी एम के अध्यक्ष निशांत थपलियाल ने कहा कि इंस्टीट्यूट द्वारा योग की कक्षाएं नियमित रूप से चलाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि योग के द्वारा मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक तीनों प्रकार की ऊर्जा प्राप्त होती है। आईटीएम की रजिस्ट्रार श्रीमती रुचि थपलियाल ने कहा कि इंस्टिट्यूट के सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने योग किया। इंस्टिट्यूट के नेक एडवाइजर और पूर्व कुलपति प्रोफेसर ज्वाला प्रसाद पचौरी ने सभी को योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज के परिवेश में जब मानव मन तनाव में रहता है तो ऐसे में योग से उत्तम और कोई चिकित्सा पद्धति नहीं है। सभी को योग से जोड़ना चाहिए। योग के कार्यक्रम में संस्थान की प्रधानाचार्या अंजू थपलियाल, योग विभागाध्यक्ष शैलजा गुप्ता, मनीषा कपूर और अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रितिका पुरी ने किया।



# विकास योजनाओं के लिए 59 करोड़ 62 लाख रुपए का बजट जारी

## कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की अध्यक्षता में हुई जिला योजना की बैठक जिपं अध्यक्ष, विधायक डीएम रहे मौजूद

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला योजना की बैठक हुई। नियोजन समिति ने विभागवार योजनाओं के परिव्यय को अनुमोदित किया। लोक निर्माण विभाग का परिव्यय 16 करोड़ 22 लाख अनुमोदन किया गया।जल संस्थान 4 करोड़ 95 लाख जबकि पेयजल निगम के परिव्यय को 85 लाख अनुमोदित किया गया। प्राथमिक शिक्षा 2.45 लाख का परिव्यय एवं माध्यमिक शिक्षा का परिव्यय 3.20 लाख अनुमोदित किया गया। राजकीय सिचाई 5 करोड़ व लघु सिचाई को 25 लाख, पशुपालन 2 करोड़ 98 लाख का परिव्यय डीपीसी ने अनुमोदित किया। इसी तरह उद्यान 3 करोड़ 79 लाख,दुग्ध 63 लाख,मत्स्य 2 करोड़ 15 लाख, एलोपैथिक चिकित्सा 1 करोड़ 40 लाख,खेलकूद 76 लाख,पीआरडी 3 करोड़ 53 लाख,उरेडा 75 लाख,सहकारिता 30 लाख,पर्यटन 1.40 लाख,कृषि विभाग 67.91 लाख एवं वन विभाग 30 लाख का परिव्यय सहित करीब 34 विभागों का परिव्यय नियोजन सामिति ने अनुमोदित किया। जबकि कृषि एवं वन विभाग के परिव्यय में 20-20 लाख की अतिरिक्त बढ़ोतरी करने का भी सदस्यों द्वारा मांग की गई।पशुपालन,दुग्ध विकास,मत्स्य पालन,गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग,प्रोटोकॉल विकास, सेवायोजन एवं जिला प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि नियोजन सामिति द्वारा जिले के विकास के लिए इस वर्ष 59 करोड़ 62 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया है। जिससे जिले के विकास कार्यों में तेजी आएगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए



प्रत्येक जनप्रतिनिधियों की ज्यादा जिम्मेदारी होती है इसलिए सबका विश्वास,धैर्य और विकास की भावना से मिलकर कार्य को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पिछले बार की अपेक्षा इस बार जिला योजना का बजट आठ प्रतिशत बढ़ाया गया। जिसमें स्वरोजगार पर विशेष बल दिया गया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिला योजना को और प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अगली जिला योजना में सम्मिलित होने वाले सभी प्रस्तावों को डीपीआर के साथ शामिल किए जाएंगे। इस बाबत उन्होंने अधिकारियों को हिदायत देते कहा कि अगली जिला योजना में जनप्रतिनिधियों से मिलने वाले सभी प्रस्तावों को डीपीआर के साथ शामिल करें। साथ ही ऐसी योजनाओं को ही शामिल किए जाए जो दो साल के भीतर पूरा हो सके। जिला योजना की बैठक लेने से पूर्व जिले के प्रभारी मंत्री ने विकास भवन परिसर में आँचल कैफे का लोकार्पण किया और स्थानीय मत्स्य पालकों को मछली के विपणन को लेकर मत्स्य विभाग द्वारा तैयार की गई वातानुकूलित वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने बैठक में जिला योजना की गाइडलाइन के बारे में नियोजन समिति को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस बार की जिला योजना की 50 प्रतिशत धनराशि पुराने कार्यों की देनदारी में खर्च किए जाएंगे। तथा शेष 50 प्रतिशत की धनराशि में 15 फीसदी धनराशि स्वरोजगार को बढ़ावा देने और अवशेष धनराशि बचनबद्ध मद एवं नए निर्माण कार्यों में व्यय होगी।बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष बंसती देव,दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट,विधायक कपकोट सुरेश गड़िया,विधायक पार्वती दास के प्रतिनिधिके तौर पर गौरव दास,जिपं उपाध्यक्ष नवीन परिहार, ब्लॉक प्रमुख पुष्पा देवी, हेमा बिष्ट,भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण,नियोजन समिति के सदस्य,पूर्व जिपं अध्यक्ष और शामा जिपं सदस्य हरीश ऐठानी, भाजपा जिलामहामंत्री संजय परिहार,सहित सीडीओ आरसी तिवारी,जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी दिनेश रावत व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# इग्नू ने डीएसबी परिसर में किया पौधारोपण

नैनीताल (उद संवाददाता)। डीएसबी परिसर में आज इग्नू टीम द्वारा पौधारोपण किया गया । इग्नू की टीम द्वारा पारिजात के पौधे का रोपण किया। परिजात किन्नूर उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के किनूर में गोरखचिंच से संबंधित है। सांस्कृतिक एवम पौराणिक दृष्टि से महत्व पूर्ण है। मान्यता है कि महाभारत में माता कुंती के आग्रह पर अर्जुन इस वृक्ष को धरती पर लाए। नारद मुनि ने श्री कृष्ण को भेट में परिजात का पौधा दिया था। 1000 वर्ष की आयु वाला परिजात पुस्प माता लक्ष्मी को प्रिय तथा परिजात मनोकामना पूर्ण करने वाला माना गया है। निक्टेंथस आर्बोट्राइटिस वानस्पतिक नाम तथा कोरल जैस्मिन, इंडियन मैग्नोलिया के नाम से जाना जाता है। इग्नू समन्वयक प्रो. ललित तिवारी के नेतृत्व में पौधारोपण कार्य संपन्न हुआ। प्रो. तिवारी ने कहा कि बरसात के आगमन पर आज इग्नू टीम द्वारा अपनी जिम्मेदारी के एवज में पौधे रोपे। जिससे



प्रकृति हरी भरी तथा हवा शुद्ध होती रहे । आज का पौधारोपण वर्गीकरण शास्त्री स्वर्गीय प्रो. यशपाल सिंह पांगती, स्वर्गीय डॉक्टर रणबीर सिंह रावल,वस्वर्गीय डॉक्टर सुचेतन साह को समर्पित रहा तथा उनकी स्मृति में पौधारोपण हुआ। परिजात के पौधे डॉक्टर हिमानी कार्की द्वारा उपलब्ध कराए गए। पौरारोपण में डॉक्टर नवीन पांडे , नंदा बल्लभ पालीवाल, डॉक्टर संदीप मैंडोलिया, गोपाल बिष्ट, कुंदन सिंह, विकास, सूरज सहित इग्नू के विद्यार्थी शमिल रहे।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में नि:शुल्क हुआ चेकअप

किच्छा(उद संवाददाता)। रूद्रपुर के एक आई अस्पताल द्वारा यहां वार्ड नंबर 7 सरस्वती विद्या मंदिर में एक नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें सैकड़ो लोगों में अपने आंखों की जांच कराई शिविर का आयोजन वार्ड 7 के निवर्तमान सभासद शोभित शर्मा एवं राजेश राठौर सहित तमाम लोगों द्वारा आयोजित किया गया था शिविर में वार्ड नंबर 7 के अलावा वार्ड नंबर 8 सहित कई वार्डों के लोगों द्वारा अपनी आंखों का जांच कराई गई तथा आई अस्पताल रुद्रपुर के नेत्र चिकित्सक अंकित गुप्ता द्वारा निशुल्क जांच करते हुए आंखों के मरीजों को दवाएं भी वितरित की। नेत्र चिकित्सा अंकित गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि उनका उद्देश्य लोगों को आंखों की बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने यह भी बताया कि गर्मी के मौसम में ज्यादातर आंखों में बीमारियों की शिकायत बढ़ जाती हैं इसलिए इस समय आंखों की देखभाल करना नितांत



आवश्यक हो जाता है आंखों को शुद्ध जल से धोते रहना चाहिए आंखों को मसलना नहीं चाहिए बल्कि हल्के वस्त्र से आंखों की सफाई करनी चाहिए तथा समय-समय पर नेत्र चिकित्सक को तकलीफ होने पर दिखाते रहना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से पवन पांडे सोनम कुशवाह केशव जोशी हरीश सक्सेना सनी सागर अमर थापा आदि थे।






## सूचना संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंनैं व मेरे भाई गुरदीप सिंह ने अपने बहनोई लखविंदर सिंह पुत्र छिंदर सिंह निवासी ग्राम मोतीपुर थाना गदरपुर जिला उधम सिंह नगर से अपने संबंध विच्छेद कर लिए है। मेरा व मेरे भाई का बहनोई लखविंदर सिंह पुत्र छिंदर सिंह से कोई संबंध नहीं रहेगा। भविष्य में बहनोई लखविन्दर सिंह द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा।

**कुलवंत सिंह पुत्र हुकम सिंह निवासी- ग्राम दियोड़ी, थाना नानकमत्ता, जिला उधम सिंह नगर**

## पेज एक का शेष...

**आक्रोशित हिंदूवादी संगठनों ने.......**व सामाजिक संगठन के लोगों ने कोतवाली का घेराव किया। रोषित लोग एसएसपी से वार्ता करने की जिद पर अड़े हैं। कोतवाली में प्रदर्शन पर बैठे परिजन और सामाजिक संगठन के सैकड़ों लोगों ने जमकर नारेबाजी की। यहां तक कि मामले में तेजी से कार्रवाई न करने पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे भी लगाए। परिजनों की मांग है कि एसएसपी खुद उनसे आकर बातचीत करें। वही मामले में हो रही कार्रवाई कहां तक पहुंची इसकी जानकारी दें। बताया जा रहा है कि एसएसपी ने दोपहर बाद परिजनों से मिलने की बात कही है। इधर बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने बताया कि लड़कियों की तलाश में पुलिस की कुछ टीमें लगातार उत्तर प्रदेश में डेरा डाले हुए हैं। मामले में पुलिस गंभीरता से कार्य कर रही है। कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

**चेकपोस्ट प्रभारी समेत......**तहत संयुक्त परिवहन आयुक्त सनत कुमार सिंह ने तपोवन स्थित चेकपोस्ट पर तैनात प्रधान सहायक चेकपोस्ट प्रभारी यशवीर सिंह बिष्ट, कार्यालय सहायक विवेक उनियाल, परिवहन उप निरीक्षक मेहताब अली और परिवहन आरक्षी अमर सैनी को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया है। जबकि दो पीआरडी जवानों को उनके मूल विभाग लौटा दिया है। उन्होंने रास्ते में तैनात परिवहन विभाग के सचल दलों को भी चेकिंग में लापरवाह मानते हुए सचल दल प्रभारी परिवहन कर अधिकारी वरुणा सैनी व जगदीश चंद्र को आरोप पत्र जारी कर दिया है। वहीं पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए डीजीपी को पत्र भेज दिया है।

**नीट में धांधली के खिलाफ.........**संजीव झाम ने कहा कि आज राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में हो रहे घोटालों और पेपर लिख के मामलों से यह स्पष्ट हो गया है कि केंद्र की भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ कर रही है इस दौरान पुतला फूंकने वालों में मास्टर रामविलास, पारस धवन, त्रिनाथ विश्वास, संजीव झाम, किशोर सावंत, अमरजीत सिंह,सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। **रामनगर**-रविवार को रामनगर में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी के नेतृत्व में लखनपुर चुंगी पर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए सरकार का पुतला दहन किया जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आयोजित होने वाली नीट परीक्षा में हुए पेपर लीक मामले को लेकर पूरी तरह सरकार दोषी है उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी लंबे समय से मेहनत कर परीक्षा देने गए थे लेकिन सरकार व शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण नीट परीक्षा का पेपर एक बार फिर लीक होने से परीक्षार्थी काफी निराश है उन्होंने कहा कि इस परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले में जो भी दोषी हैं उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा मामले की सीबीआई जांच कराई जाए मांग पूरी न होने पर उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे।

**मेट्रोपोलिस सिटी में मेंटीनेंस..........**तत्वावधान में कॉलोनी के हाउसिंग क्लब में मोवा के अध्यक्ष प्रवीण कोठरी की अध्यक्षता में आयोजित निवासियों की आमसभा में मेंटीनेंस की दरें बढ़ाई जाने का पुरजोर विरोध करते हुए इसे तानाशाई कार्यवाही बताया और बढ़ाई दरें वापस लिए जाने की मांग की। प्रवीण कोठरी, उपाध्यक्ष महेंद्र चौहान, मोवा सचिव राजीव भटनागर, चंद्रप्रकाश यादव, मुकुल अरोरा, पीयूष भाटिया तथा अन्य निवासियों ने कहा कि एमआरडब्ल्यूए द्वारा तमाम अनियमितताएं बरती जा रही हैं, और उसके द्वारा निवासियों के धन की जमकर लूट की जा रही है। मेंटेनेंस की धनराशि देने के बावजूद समुचित सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। वक्ताओं ने मांग की कि एमआरडब्ल्यूए को तुरंत भंग करके सरकार की ओर से कॉलोनी की व्यवस्था के लिए रिसीवर को नियुक्त किया जाए। निवासियों ने कहा कि एमआरडब्ल्यूए का तानाशाही पूर्ण रवैय्या किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सबने एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने का ऐलान किया। संचालन असलम कोहरा ने किया।आमसभा के बाद सभी निवासी जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए फैसिलिटी ऑफिस गए और वहां भी नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

**निवर्तमान मेयरके विरूद्ध.......**माननीय न्यायालय द्वारा उनकी जमीन से संबंधित तथ्यों को उचित मानते हुए रामपाल के खिलाफ रंगदारी व जान से मारने की धमकी के मामले मे पर्याप्त सबूत होने पर पुन: मुकदमा शुरू करते हुए रामपाल को न्यायालय में तलब कर लिया है। उन्होंने बताया कि सत्ता पक्ष के मेयर होने के कारण सत्ता के दबाव में रामपाल ने पुलिस से गलत तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट भिजवा दी थी लेकिन माननीय न्यायपालिका ने उसे निरस्त कर दिया। श्री गंगवार ने कहा कि शहर की 80 प्रतिशत नजूल की जमीन पर लोग काबिज हैं। इसी तरह से वह भी किच्छा रोड पर स्थित अपनी भूमि पर काबिज हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि निवर्तमान मेयर ने रंगदारी के 10 लाख रुपए न देने पर जमीन खाली करने की धमकी दी थी। अब माननीय न्यायालय मे अगली सुनवाई जुलाई महीने में होगी।

**अनुशासनहीनता और लापरवाही...........**नहीं कर पाए। शासन ने इसे अनुशासनहीनता बताते हुए उन्हें दंडित करते हुए परिनिंदा प्रविष्टि दी है। विभाग की ओर से बताया गया है कि उनका प्रशासनिक आधार पर तबादला भी कर दिया गया है। इसके अलावा राजकीय महाविद्यालय खिर्सू के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीएस चौहान को भी परिनिंदा प्रविष्टि देते हुए उनका प्रशासनिक आधार पर तबादला किया गया है। वहीं, महाविद्यालय भिकियासैंण के प्राचार्य डॉ. प्रेम प्रकाश, खिर्सू महाविद्यालय के नैक के नोडल अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार को परिनिंदा प्रविष्टि दी गई है। जबकि एमबी राजकीय पीजी कालेज हल्द्वानी के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी और महाविद्यालय भूपतवाला हरिद्वार के प्राचार्य डॉ. दिनेश शुक्ला को कठोर चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा राजकीय महाविद्यालय खिर्सू के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीएस चौहान को भी परिनिंदा प्रविष्टि देते हुए उनका प्रशासनिक आधार पर तबादला किया गया है। वहीं, महाविद्यालय भिकियासैंण के प्राचार्य डॉ. प्रेम प्रकाश, खिर्सू महाविद्यालय के नैक के नोडल अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार को परिनिंदा प्रविष्टि दी गई है। जबकि एमबी राजकीय पीजी कालेज हल्द्वानी के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी और महाविद्यालय भूपतवाला हरिद्वार के प्राचार्य डॉ. दिनेश शुक्ला को कठोर चेतावनी जारी की गई है।

**बर्थ डे पार्टी से लौट.** अपनी जान बचाकर वहां से भागे। हमले में दोनों को गंभीर चोटे आयी है। भविष्य में भी उक्त युवकों से जान माल का खतरा है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# सात फेरों के साथ वर-वधूओं के खिले चहरे

## समाजसेवियों ने दिया आर्शीवाद, ठुकराल ने जताया सहयोगियों का आभार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस संत कबीर के प्रकटोत्सव दिवस पर रम्पुरा के श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित सात गरीब परिवार की कन्याओं का वैवाहिक कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न होने पर इस पुनीत कार्य में सहयोग देने वालों का पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने आभार व्यक्त किया है। कबीर मंदिर में पूजा अर्चना व कबीर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर काली मंदिर के पास से सात घोड़े पर सवार सातों वर संपूर्ण रम्पुरा के प्रमुख मार्गों शिव मंदिर 84 घंटा, कटोरी मंदिर से होते हुए कोतवाली के सामने दुर्गा मंदिर पर पहुंचे। जहां वरमाला पहनाने के साथ ही विशाल भंडारा किया गया। वर वधू को उपहार में बेड, ड्रेसिंग टेबल, वेट, गद्दे, वॉशिंग मशीन, एलईडी, सिलाई मशीन, कुकर, साइकिल, सभी प्रकार के 51 बर्तन सेट, दूल्हा दुल्हन के कपड़े व साड़ियां, मिठाईयां, डिनर सेट, कुर्सी मेज, अलमारी, बक्सा, बेडशीट, पिलो, प्रेस, कंबल, वाटर कूलर, पंखे आदि सामान दिया गया। वैवाहिक कार्यक्रम सफलता पर सर्व व्यवस्थापक प्रमुख पूर्व विधायक श्री ठुकराल ने कहा कि ऐसे पुनीत कार्य से आत्मसंतुष्टि मिलती है। ऐसे सामाजिक कार्यो के लिये सभी लोगों को आगे आकर भागीदारी करनी चाहिये। सद्गुरु कबीर साहब के प्रकट दिवस पर कबीर द्वार पर स्थित कबीर साहेब की प्रतिमा पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में रम्पुरा के लोगों ने कबीर साहेब के माल्यार्पण कर आरती की।इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कबीर साहब के दोहे आज भी प्रसांगिक हैं और आम जनमानस के मानसिक पटल पर अपना प्रभाव छोड़ते हैं। इसे समाज में विषमता और बुराइयों का अंत होता है। इस मौके पर उत्तराखंड युवा कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक हिम्मत राम कोली, संजय ठुकराल संजीव गुप्ता, विकास बंसल, मनोज गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, राम प्रकाश गुप्ता, किसान नेता तजेंद्र सिंह विर्क, मानसिंह ग्रोवर,राजू गुप्ता, संतोष दिवाकर, शैलेंद्र कोली अजय पाल, चंद्रपाल कोली, बनारसी दास कोली, लालमन, लालू, सुरेश कोली, पंकज कोली, बंटी कोली, किशन कोली, चंद्रकली कोली, माया देवी कोली, नीतू कोली, लक्ष्मी कोली, राममूर्ति कोली, जमुना देवी, भूरी देवी, मिथिलेश कोली, विमल रस्तोगी, संजीव गुप्ता , नत्थू लाल कोली, चंद्रपाल कोली, रामचरण कोली, अमर दास कोली , पृथ्वीराज कोली, ललित बिष्ट , घनश्याम कोली विशाल मेहरा, बाबू कोली, मदन कोली, राकेश कोली, कल्लू कोली, मुकेश कोली, प्रताप कोली आदि लोग उपस्थित थे।





# किच्छा में पत्नी की गला काटकर की हत्या, पति गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। अवैध संबंधों के शक में पति ने अपनी बहन के घर में पत्नी की धारदार हथियार से बेरहमी के साथ हत्या कर दी। उसकी बहन जब घर लौटी तो फर्श पर खून से लथपथ शव देख कर उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया। आजादनगर वार्ड नंबर दो किच्छा निवासी अशोक कुमार पुत्र कन्हैया लाल का विवाह लगभग आठ वर्ष पूर्व पूनम आयु 30 वर्ष पुत्री सुखपाल निवासी महतोष मोड़ गदरपुर के साथ हुआ था। दोनों किराये के मकान में रह कर अपना दांपत्य जीवन व्यतीत कर रहे थे। अशोक कुमार ढाबे पर काम करता था। अशोक पिछले कुछ दिनों से अपनी पत्नी पूनम पर शक करने लगा था। जिससे दोनों के बीच में विवाद गहराता चला गया। जिस पर पूनम अपने दोनों बच्चों को साथ लेकर मायके चली गई थी। तीन-चार दिन पूर्व अशोक पूनम को मायके से मना कर अपने घर पर ले आया। अशोक की बहन धनवती मंड फार्म बंडिया में किराये के मकान पर पति व चार बच्चों के साथ रहती है। धनवती ने अपने भाई का दांपत्य जीवन सुधारने के लिए दोनों को अपने घर पर बुला लिया। शनिवार को वह अपने पति तेजपाल के साथ ही मंड फार्म में काम करने चली गई थी और बच्चे भी बाहर खेलने चले गए थे। इसी दौरान दोपहर में मौका पाकर अशोक ने धारदार हथियार से पूनम की बेरहमी के साथ हत्या कर दी। उसके बाद वह उसके शव के पास ही बैठ गया। उसने जरा भी भागने का प्रयास नहीं किया। बताया जाता है कि अशोक



ग्राम आजाद नगर में किराये के मकान में रहकर ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करता था। दंपती का एक बेटा व एक बेटी हैं। सीओ बहादुर सिंह चौहान ने बताया कि पिछले कुछ वर्ष से आरोपी अशोक अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। इस बात को लेकर पति- पत्नी में विवाद होता था। अशोक की बहन धनवती चीनी मिल के निकट बनी एक कॉलोनी में अपने पति तेजपाल व बच्चों के साथ रहती थी। धनवती ने बताया कि चार पांच दिन पहले उसे अपने भाई अशोक व भाभी पूनम के बीच विवाद की खबर मिली तो वह दोनों को अपने घर ले आई थी। शनिवार दोपहर वह एक घर में झाड़ू-पोंछा करने गई थी। करीब दो बजे जब वह काम से लौटी तो उसका भाई घर के बाहर बैठा था जबकि भाभी मृत अवस्था में लहूलुहान अंदर पड़ी थी। यह देख वह अपने फार्म स्वामी के यहां गई और घटना की जानकारी दी। फार्म स्वामी ने 112 पर सूचना दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने अशोक को हिरासत में लिया। हत्याकांड की जानकारी मिलने पर फॉरेंसिक टीम के एसआई सत्य प्रकाश रयपा, नरेश गिरी व भूपेंद्र मर्तोलिया मौके पर पहुंचे। वहां टीम ने घटनास्थल से नमूने लिए और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। मृतका की ननंद धनवती ने बिलखते हुए बताया कि अगर वह घटना के समय घर पर होती तो यह हत्या नही होती। उसने बताया कि जब वह घर आई तो भाभी को मृत देख उसके होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलने पर एसएसआई विनोद जोशी, ओम प्रकाश नेगी, विजय कुमार, महिला एसआई नीलम मेहरा समेत तमाम पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसएसआई ने बताया कि मृतका के गले पर वार किए गए हैं। मौके से हत्या में प्रयुक्त हंसिया बरामद कर लिया गया है।

